एक्सिस बैंक डकैती मामले में रायगढ़ पुलिस को मिली एक और बड़ी सफलता

एसएसपी की स्पेशल टीम ने शेरघाटी गैंग के दो शातिर फरार डकैतों को बिहार में घेराबंदी कर पकड़ा

❐ गिरफ्तार दोनों आरोपियों से घटना में प्रयुक्त पिस्टल, कट्टा, जिंदा राउंड व बाइक किया गया जब्त

रायगढ़। रायगढ़ जिले के बहुचर्चित एक्सिस बैंक डकैती मामले में रायगढ़ पुलिस को एक और बड़ी सफलता हाथ लगी है। घटना के बाद फरार हुये "शेरघाटी गैंग"के डकैतों की पतासाजी में सीएसपी अभिनव उपाध्याय के नेतृत्व में बिहार, झारखंड रवाना हुई स्पेशल टीम ने बिहार के गया जिले में रेड कर गैंग के 02 डकैत- निलेश उर्फ नीतीश जादव और प्रकाश उर्फ पवन उर्फ पंकज जाधव को हथियार समेत गिरफ्तार कर रायगढ़ लाया गया है। एसएसपी सदानंद कुमार के द्वारा गठित सीएसपी अभिनव उपाध्याय के नेतृत्व में स्पेशल टीम रायगढ़ से ही आरोपियों के सभी उपलब्ध जानकारियों को जुटाने में लग गयी थी जिनकी लगन और मेहनत के कारण उक्त डकैतों को गिरफ्तार करने में रायगढ़ पुलिस को सफलता मिली है।

ज्ञात हो कि "शेरघाटी गैंग"के इन डकैतों ने 19 सितंबर की सुबह सशस्त्र हथियारों के साथ रायगढ़ के ढिमरापुर चौक स्थित एक्सिस बैंक की मुख्य शाखा में डकैती की घटना को अंजाम दिया था जिसमें डकैत बैंक से नकद 4.19 करोड रूपये और 78 पैकेट सोने के जेवरात (वजन- 2 किलो 91 ग्राम) कुल 5.62 करोड़ रूपये लेकर अलग-अलग वाहनों से फरार हो गये थे। राज्य की सबसे बड़ी बैंक डकैती को छत्तीसगढ़ पुलिस ने चैलेंज स्वरूप लिया गया। छत्तीसगढ़ पुलिस के महानिदेशक अशोक जुनेजा द्वारा तत्काल पड़ोसी राज्यों के आला अधिकारियों से संपर्क करते हुए स्थानीय पुलिस को सहायता उपलब्ध कराई तथा आईजी बिलासपुर रेंज अजय कुमार यादव और डीआईजी रामगोपाल गर्ग खुद रायगढ़ में कैंप कर केस की कमान संभालते हुये मॉनिटरिंग हेतु मौजूद रहे जिनके मार्गदर्शन में विभिन्न जिलों के साथ समन्वय बनाते हुए रायगढ़ पुलिस एतिहासिक रूप से शत प्रतिशत बरामदगी करते हुये "शेरघाटी गैंग" बिहार के 05 डकैत- (1) राकेश कुमार गुप्ता (2) उपेंद्र सिंह (3) निशांत उर्फ पंकज कुमार महतो उर्फ राजेश दास (4) राहुल कुमार सिंह (5) अमरजीत कुमार को गिरफ्तार कर आरोपियों को पुलिस रिमांड पर लिया गया।

आईजी बिलासपुर अजय यादव एवं डीआईजी रायगढ़ राम गोपाल गर्ग के मार्गदर्शन पर एसएसपी रायगढ़ सदानंद कुमार स्वयं विवेचनाटीम को मॉनिटरिंग कर रहे थे, आरोपियों से की गई मैराथन पूछताछ में मिले महत्वपूर्ण इनपुट पर एसएसपी रायगढ़ द्वारा सीएसपी अभिनव उपाध्याय के नेतृत्व में थाना कोतवाली, चक्रधरनगर, साइबर सेल के स्टाफ की विशेष टीम गठित कर बिहार, झारखंड रवाना किया गया, जहां टीम ने टेक्निकल इनपुट और ह्यूमन इंटेलिजेंस के साथ बड़ी सूझबूझ और जान जोखिम में डालकर 02 हथियाबंद डकैत- निलेश उर्फ नीतीश जाधव और प्रकाश उर्फ पवन उर्फ पंकज जाधव को घेराबंदी कर पकड़ने में सफलता हासिल की।

पुलिस टीम की तैयारी व रेड-

शेरघाटी गैंग के सभी डकैत मोबाइल का इस्तेमाल नहीं करते थे जिससे इन्हें लोकेट करना और भी कठिन चुनौती के रूप में सामने आ रहा था। सीएसपी अभिनव ने रायगढ़ से ही अपनी स्पेशल टीम को अलग-अलग टास्क देकर आरोपियों के संबंध में जानकारी जुटाने हेतु विभक्त किया गया था जिसमें आरोपियों द्वारा किये गये मूव्हमेंट का सीसीटीवी फुटेज खंगालने से लेकर गिरफ्तार आरोपियों से कड़ाई से पूछताछ कर फरार आरोपियों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी जुटाना शामिल था।टेक्निकल इनपुट की कमी होने के बावजूद भी स्पेशल टीम एसएसपी सदानंद कुमार से परमीशन लेकर दिगर राज्य आरोपियों की पतासाजी हेतु रवाना हुई। पूछताछ के दौरान स्पेशल टीम को पता चला था कि फरार आरोपियों के द्वारा टाटानगर (झारखंड) में विगत तीन माह से एक कमरा किराये में लिया गया था जिसे वे बिहार और छत्तीसगढ़ के बीच छिपने के ठिकाने के रूप में इस्तेमाल करते थे। स्पेशल टीम द्वारा बड़ी मशक्कत के पश्चात सबसे पहले टाटानगर के कमरे की पहचान की गई और वहां रेड किया गया लेकिन वह कमरा बंद मिला।

पूर्व में गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ पर आरोपियों के जिस मित्र के द्वारा कमरा दिलाया गया था उसे बुलाकर पूछताछ किया गया जिसमें फरार आरोपी निलेश उर्फ नीतीश के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई कि आरोपी निलेश उर्फ नीतीश अपने ठिकाने से आज रात्रि रांची से बाराचट्टी बस पकड़ कर बस स्टैण्ड आने वाला है , इस जानकारी पर तत्काल सीएसपी अभिनव अपनी टीम को लेकर टाटानगर जमशेदपुर से बाराचट्टी, गया (बिहार) हेतु रवाना हुये। आरोपियों को पकड़ने में किसी प्रकार की चूक ना हो इस बात को ध्यान में रखते हुये सीएसपी अभिनव ने टीम को ब्रीफ कर तीन भाग में विभक्त किया जिसमें पहली टीम में हेम प्रकाश सोन, प्रशांत पंडा, नवीन शुक्ला एव उत्तम सारथी को पास के ही टोल प्लाजा में रूक कर आरोपी के बस की पहचान और पीछा कर बस स्टैंड तक आने का कार्य दिया गया। दूसरी टीम में पुष्पेन्द्र जाटवर, डेहरू उरांव को आरोपी के मित्र के साथ बस स्टैंड में स्थित पान ठेला (जहां आरोपी ने अपने मित्र को मिलने का समय दिया था) के पास रूक कर आरोपी के कॉल आने का इंतजार करने कहा गया। तीसरी टीम में स्वयं सीएसपी अभिनव उपाध्याय, एएसआई इगेश्वर यादव और आरक्षक तारीक अनवर हथियार से लैस होकर हिटिंग टीम के रूप में बस के रूकने के संभावित स्थान पर छिपकर इंतजार करने लगे। तभी पहली टीम ने टोल नाके के पास एक बस को चिन्हाकित कर आरोपी की बस के रूप में पहचान कर समय का मिलान करते हुये स्पेशल टीम को सूचित कर अलर्ट किया गया एवं वह टीम उक्त बस का पीछा करने लगी। जैसे ही बस स्टैंड पर बस रूकी आरोपी निलेश उर्फ नीतीश जाधव बस से उतर कर निर्धारित गंतव्य स्थान पान ठेले की ओर जाने लगा। चूंकि गहन पूछताछ के दौरान आरोपी निलेश की फोटो स्पेशल टीम को मिल चुकी थी, अत: सीएसपी अभिनव द्वारा आरोपी निलेश को देखते ही पहचान लिया गया और एएसआई इगेश्वर यादव के साथ पीछे से जाकर आरोपी निलेश उर्फ नीतीश जाधव को पकड़ने में सफलता हासिल की। सभी टीमें बस स्टैंड पर पहुंच की थी। आरोपी के मित्र द्वारा आरोपी निलेश की पहचान की पुष्टि की गई।

गिरफ्तार आरोपी निलेश से अन्य फरार आरोपियों के संबंध में पूछताछ की गई, उसके द्वारा सिर्फ एक फरार आरोपी पवन उर्फ पंकज जाधव की जानकारी होना बताया। आरोपी निलेश ने यह भी बताया कि पवन के द्वारा गिरफ्तारी से बचने हेतु कोई मोबाइल का उपयोग नहीं किया जा रहा है और फरार आरोपी पवन के सूर्यमंडल चौक, बाराचट्टी में मिलने की संभावना जताई जिस पर सीएसपी अभिनव और प्रशांत पंडा भेष बदलकर खलासी के रूप सूर्यमंडल चौंक के आसपास रेकी करने गये। इस दौरान आरक्षक प्रशांत पंडा को सूर्यमंडल चौक पर स्थित एक दुकान में आरोपी पवन दिखा। टीम को बुलाने का समय नहीं होने की वजह और आरोपी के फरार होने की संभावना को देखते हुये सीएसपी अभिनव और आरक्षक प्रशांत पंडा द्वारा स्वयं दुकान के अंदर घुसकर आरोपी पवन उर्फ प्रकाश जाधव को धर दबोचा गया। तत्काल पूरी टीम को बैकअप हेतु बुलाया गया एवं आरोपियों की विधिवत गिरफ्तारी कर स्पेशल टीम स्थानीय थाना को सूचना देकर रायगढ़ हेतु रवाना हुई।

महत्वपूर्ण एवं खास

जिले में 1274.6 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

रायगढ़। चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 3 अक्टूबर तक 1274.6 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 29.5 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 1265.9 मिली मीटर, पुसौर में 1349.9, खरसिया में 1229, घरघोड़ा में 1272.6, तमनार में 1213.2, लैलूंगा में 1239.5, मुकडेगा में 1349, धरमजयगढ़ में 1335.9, छाल में 1159 एवं कापू में 1332.1 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

एक-दो स्थानों पर भारी बारिश के साथ आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी

रायपुर (आरएनएस)। राज्य के आठ जिलों में आगामी तीन-चार घंटों के दौरान तेज गरज-चमक के साथ भारी बारिश होने तथा आकाशीय बिजली गिरने की संभावना बनी हुई है। इसे लेकर मौसम विभाग ने यलो अलर्ट जारी कर दिया है। मौसम विभाग से जारी चेतावनी के अनुसार आगामी तीन घंटों के दौरान राज्य के बिलासपुर, जांजगीर-चांपा, जशपुर, कोरबा, कोरिया, रायगढ़, सूरजपुर तथा सरगुजा जिले में आसमान के मेघमय बने रहने, तेज गरज-चमक के साथ भारी बारिश होने तथा आकाशीय बिजली गिरने की प्रबल संभावना बनी हुई है। इसके अलावा इन जिलों में तेज हवाएं चलने तथा इस दौरान होने वाले मेघ-गर्जना से बचकर रहने की सलाह दी गई है। ज्ञात हो कि दक्षिण पश्चिम मानसून की अब विदाई शुरू हो गई है। देश के कई राज्यों व अलग-अलग हिस्सों से मानसून की विदाई शुरू हो गई है। छत्तीसगढ़ में मानसून की विदाई 15 अक्टूबर तक होने की संभावना बनी हुई है। हालांकि इस दौरान जाते-जाते भी मानसूनी बारिश होने की पूरी संभावना बनी हुई है। बहरहाल मौसम विभाग ने मानसून वापसी की अधिकृत तिथि की घोषणा अभी नहीं की है।

ग्राम-टेरम में अस्पृश्यता निवारणार्थ सामाजिक समरसता एवं सदभावना शिविर का हुआ आयोजन

❐ विधायक धरमजयगढ़ लालजीत सिंह राठिया रहे उपस्थित

रायगढ़। गांधी जयंती 2 अक्टूबर को घरघोड़ा तहसील के ग्राम-टेरम में अस्पृश्यता निवारणार्थ सामाजिक समरसता एवं सद्भावना शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित धरमजयगढ़ विधायक लालजीत सिंह राठिया ने अपने उद्बोधन में डॉ.भीमराव अंबेडकर की शिक्षा का संदेश दिया। उन्होंने सभी को शिक्षित एवं संगठित होने के लिए प्रेरणा दिए और सदैव सामाजिक समरसता बनाए रखने हेतु लोगों को उत्प्रेरित किए। इस अवसर पर उन्होंने सतनामी पारा में एक मुक्तिधाम निर्माण की घोषणा की। समाज प्रमुखों ने भी लोगों को भेदभाव एवं अस्पृश्यता निवारण हेतु प्रेरित किया। सभी जनों को भेदभाव से दूर रहकर एक होने हेतु प्रेरित किया। सतनामी समाज प्रमुख उमेश लहरे एवं व्ही.आर.खड़बंदे, चौहान समाज प्रमुख अमरनाथ चौहान, जनपद अध्यक्ष सहोद्रा राठिया, नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेन्द्र चौधरी एवं उपायुक्त आदिवासी विकास विभाग बी.के.राजपूत, जनपद सी.ई.ओ.श्री तिवारी, मण्डल संयोजक विनय चौधरी एवं ए.डी.ई.ओ. यमुना सिदार कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

रायगढ़ जिले के सात केंद्रों में छत्तीसगढ़ स्वामी आत्मानंद कोचिंग योजना का मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने किया ऑनलाइन शुभारंभ

❐ जिले के 7 केंद्रों में होगी निशुल्क कोचिंग कक्षा संचालित

❐ शासकीय शालाओं के बच्चे ले सकेंगे लाभ

रायगढ़। शासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को मेडिकल एवं इंजीनियरिंग की प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कराने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ शासन द्वारा स्वामी आत्मानंद नि:शुल्क कोचिंग योजना का शुभारंभ मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश के सभी जिलों के विकासखंडो में 150 कोचिंग केंद्र से ऑनलाइन जुड़कर शुभारंभ किया गया। रायगढ़ जिले के अंतर्गत 07 स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में स्थापित कोचिंग क्लास का भी आज ऑनलाइन शुभारंभ किया गया। उपरोक्त कोचिंग कक्षा हेतु जिले सभी 07 विकासखण्डों के 314 विद्यार्थियों में से मेडिकल के 249 तथा इंजीनियरिंग 65 विद्यार्थियों का पंजीयन किया गया है।

आज के शुभारंभ कार्यक्रम में मुख्यमंत्री से प्रदेश के सभी संभागों के अंतर्गत आने वाले सभी केंद्र से ऑनलाइन जुड़कर शिक्षकों तथा बच्चों से चर्चा किये। सभी बच्चों ने इस योजना का स्वागत कर अपने अपने सपने को साकार करने में योजना की प्रशंसा कर मुख्यमंत्री तथा छत्तीसगढ़ शासन का धन्यवाद ज्ञापित किया। उल्लेखनीय है कि इस योजना के अंतर्गत ख्याति प्राप्त निजी कोचिंग संस्था एलन कैरियर इंस्टीट्यूट, कोटा, राजस्थान के शिक्षकों के द्वारा नि:शुल्क ऑनलाइन कोचिंग प्रदान किया जायेगा। कोचिंग कक्षा संचालन हेतु छत्तीसगढ़ शासन तथा एलन संस्था के मध्य एमओयू हुआ है। इस संस्था की ओर से उपस्थित स्टेट व जोनल पदाधिकारियों ने योजना में अपनी सहभगिता के संबंध में जानकारी दी गयी। शुभारंभ कार्यक्रम में प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा ने योजना के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। स्कूल शिक्षा मंत्री ने संबोधित कर शासन द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे विभिन्न कार्यों व योजनाओं की जानकारी देकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। मुख्यमंत्री ने कुछ बच्चों से सीधे चर्चा कर बच्चों की योजना के प्रति खुशियों को अनुभव कर ऑनलाइन जुड़े सभी बच्चों का उत्साहवर्धन कर इस योजना का लाभ लेकर मेहनत करके अपने सपने पूरे करने की अपील कर सबको शुभकामनाएं दी। शुभारंभ कार्यक्रम के पश्चात एलन इंस्टिट्यूट के द्वारा कोचिंग प्रदान करना भी शुरू कर दिया गया है। आज के कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर जिले के सभी 07 कोचिंग केंद्रों पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी, बीआरसीसी, नोडल प्राचार्य, नोडल शिक्षकों के साथ अध्ययन करने वाले सभी बच्चे एवं उनके पालक उपस्थित रहे।

नेता प्रतिपक्ष, राज्यसभा मल्लिकार्जुन खड़गे व मुख्यमंत्री आज आमसभा को करेंगे संबोधित

❐ प्रदेश के 82 चयनित विकासखण्डों में बनने वाले जैतखाम का करेंगे शिलान्यास

❐ शासन के विभिन्न योजनाओं के 3088 हितग्राहियों को सहायता राशि व सामग्री का होगा वितरण

❐ विभागीय प्रदर्शनी से दिखेगी विकास कार्यों की झलक

रायगढ़। रायगढ़ के कोड़ातराई में आगामी 04 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे से भरोसे का सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित होने जा रहा है। नेता प्रतिपक्ष राज्यसभा व सांसद मल्लिकार्जुन खडग़े व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल शामिल होंगे तथा आमसभा को संबोधित करेंगे। इस अवसर पर प्रदेश के 82 चयनित विकासखण्डों में बनने वाले जैतखाम का शिलान्यास करेंगे। साथ ही शासन की विभिन्न योजना के 3088 लाभान्वित हितग्राहियों को 9 करोड़ 8 लाख 35 हजार रूपये की सामग्री व योजनान्तर्गत सहायता राशि वितरित की जाएगी। इस मौके पर विभिन्न विभागों द्वारा प्रदर्शनी भी लगायी जाएगी।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव, पूर्व केन्द्रीय मंत्री कुमारी शैलजा, विधानसभा अध्यक्ष डॉ.चरण दास महंत, सांसद बस्तर दीपक बैज, गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, वनमंत्री मोहम्मद अकबर, पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा स्कूल शिक्षा मंत्री रविन्द्र चौबे, उच्च शिक्षामंत्री उमेश पटेल, महिला एवं बाल विकास मंत्री अनिला भेडिय़ा, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री गुरू रूद्र कुमार, नगरीय प्रशासन मंत्री शिव कुमार डहरिया, उद्योग मंत्री कवासी लखमा, आदिम जाति विकास मंत्री मोहन मरकाम, राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, खाद्य मंत्री अमरजीत भगत, सांसद गोमती साय, विधायक धरमजयगढ़ लालजीत सिंह राठिया, विधायक रायगढ़ प्रकाश नायक, विधायक सारंगढ़ उत्तरी गनपत जांगड़े, विधायक लैलूंगा चक्रधर सिंह सिदार, जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल, महापौर नगर निगम जानकी काटजू, सभापति नगर निगम जयंत ठेठवार, अध्यक्ष जनपद पंचायत पुसौर सुशील भोय, सरपंच कोड़ातराई पद्मलता चौहान की भी उपस्थिति रहेगी।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान)के तहत 539 एस.एच.जी.को 80 लाख 45 हजार रूपये की चक्रीय निधि एवं 1189 एस.एच.जी.को 7 करोड़ 13 लाख 40 हजार रूपये की सामुदायिक निवेश निधि की राशि वितरित की जाएगी। इसी तरह श्रम विभाग के तहत 98 लाख 71 हजार रुपये की लागत से 1317 हितग्राहियों को मिनीमाता महतारी जतन, मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण सहायता, मुख्यमंत्री श्रमिक सियान सहायता, मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक औजार सहायता योजना एवं श्रम विभाग की अन्य योजनाओं के अंतर्गत सामग्री वितरित की जाएगी। शहीद महेन्द्रकर्मा तेन्दुपत्ता संग्राहक सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत दिलकुंवर राठिया को 4 लाख तथा उर्मिला राठिया को 2 लाख प्रदाय किया जाएगा। कृषि विभाग के तहत किसान समृद्धि योजना अंतर्गत 3 लाख 79 हजार रुपये की लागत के 13 हितग्राहियों को नलकूप खनन एवं अनुदान एवं राष्ट्रीय सुरक्षा मिशन योजना अंतर्गत पम्प सेट का वितरण किया जाएगा। समाज कल्याण विभाग अंतर्गत सहायक उपकरण योजना के तहत ट्रायसायकिल, टीएलएम एवं ब्लाइन्ड स्टिक सहायक उपकरण तथा महिला बाल विकास विभाग अंतर्गत 9 हितग्राहियों को 6 लाख रुपये की महिला कोष ऋण योजना का वितरण करेंगे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किए माता दंतेश्वरी के दर्शन

जगदलपुर (आरएनएस)। दंतेश्वरी माई मंदिर में दर्शन करने पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। उनके साथ महाराजा कमल चंद भंज देव।

हरिभूमि कार्यालय से बैटरी वे इनवर्टर चोरी के आरोपी को चक्रधरनगर पुलिस ने किया गिरफ्तार, आरोपी से दो नग बैटरीव तार बरामद

रायगढ़। चक्रधरनगर पुलिस ने पंजरीप्लांट स्थित हरिभूमि कार्यालय से चोरी बैटरी, इनवर्टर के आरोपी को गिरफ्तार कर आरोपी से चोरी हुआ 02 नग बैटरी, तार को बरामद किया गया है। आरोपी अपने साथी के साथ बैटरी, इनवर्टर और तार की चोरी करना स्वीकार किया है, गिरफ्तार आरोपी का साथी फरार है।

हरिभूमि कार्यालय पर हुई चोरी के मामले में 29 सितंबर को अखबार के प्रसार प्रभारी रमाकांत मिश्रा द्वारा रिपोर्ट आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि दिनांक 28.09.2023 के रात्रि 08:00 बजे कार्यालय को बंद कर अपने निवास स्थान चला गये थे। दूसरे दिन सुबह आफिस आने पर पता चला कि रात्रि कोई अज्ञात चोर कार्यालय का दरवाजा का ताला तोड़कर कम्प्यूटर रूम से इनर्वटर एवं दो बैटरी तथा बिजली तार कीमती 35,000/- रूपये का चोरी कर ले गया है। मामले में नकबजनी का अपराध दर्ज कर विवेचना में दिया गया।

माल मुल्जिम पतासाजी के दौरान थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रशांत राव को मुखबिर से कयाघाट के भोकू उर्फ भीमसेन बसंत के द्वारा चोरी की बैटरी बेचने के लिये ग्राहक तलाश करने की सूचना मिली। तत्काल थाना प्रभारी द्वारा अपने स्टाफ को संदेही की पतासाजी, गिरफ्तारी के लिये रवाना किया गया। स्टाफ ने संदेही- भोकू उर्फ भीमसेन बसंत पिता प्यारी लाल बसंत उम्र 22 साल साकिन नीम चौक कयाघाट थाना जूटमिल जिला रायगढ़ को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया जिसमें अपने साथी के साथ इनर्वटर एवं दो बैटरी तथा बिजली तार की चोरी करना स्वीकार किया और बताया कि इनवर्टर के टूट जाने पर नदी में फेंक दिये। आरोपी भोकू उर्फ भीमसेन बसंत के मेमोरेंडम पर 02 नग बैटरी व बिजली तार को बरामद कर जप्त किया गया है।

गिरफ्तार आरोपी के साथी की चक्रधरनगर पुलिस सरगर्मी से पता तलाश कर रही है। माल मुल्जिम पतासाजी में थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रशांत राव अहेर, सहायक उप निरीक्षक उदय सिंह सिदार, प्रधान आरक्षक सतीश पाठक, आरक्षक चंद्र कुमार बंजारे, शांति मिरी, सुशील यादव और अभय यादव शामिल थे।

शहीद वीर नारायण सिंह शास.महा.जोबी-बर्रा में मनाई गई गांधी जयंती

रायगढ़। महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर शहीद वीर नारायण सिंह शासकीय महाविद्यालय जोबी-बर्रा में एक भव्य समारोह का आयोजन किया। प्राचार्य रविंद्र कुमार थवाईत के देश-भक्ति वक्तव्य और उनके मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने महात्मा गांधी के दृष्टिकोण और मौलिक नैतिकता के प्रति गहरा समर्पण दिखाया। इस दौरान थवाईत ने सत्याग्रह जिसे 'सत्य की शक्ति' के रूप में अनुवादित किया जा सकता है, प्रेषित अद्वितीय अद्भुत आंदोलन के बारे में बताया। उन्होंने नेल्सन मंडेला, मदर टेरेसा, अलबर्ट आइंस्टीन सहित दुनिया के अनुकरणीय दिग्गजों के उदाहरण दिए और गांधी जी के मोहन से महात्मा बनने तक के सफर को उजागर किया।

विदित हो कि इस अवसर पर अजीम प्रेमजी फाउंडेशन का सराहनीय सहयोग प्राप्त हुआ। खास-तौर पर उनके विकासखंड समन्वयक तन्मय चक्रवती के संबोधन ने समारोह को और भी महत्वपूर्ण बनाया। चक्रवती ने विद्यार्थियों को अपना ज्ञान बढ़ाने, भारत का संविधान पढऩे, अपने अधिकार जानने और अगर कोई गलत करे तो उसे रोक सकने की शक्ति विकसित करने के लिए प्रेरित किया। समारोह के दौरान सहा. प्राध्या. वासुदेव प्रसाद पटेल और आई.क्यू.ए.सी. समन्वयक डॉ. ज्ञानमणी एक्का ने भी विद्यार्थियों को उनके मार्ग प्रशस्तीकरण में महत्वपूर्ण टिप्स दिए। पटेल ने महात्मा गांधी के आदर्शों और एकता के प्रति उनके दृष्टिकोण को प्रतीकात्मक रूप से प्रस्तुत किया। सहा. प्राध्या. एवं रेड क्रॉस नोडल अधिकारी योगेंद्र कुमार राठिया ने भी ब्रिटिश साम्राज्य के खिलाफ संघर्ष की गाथा दोहराते हुए वर्तमान में अन्ना हजारे के आंदोलन तक हमें संघर्षों से प्राप्त अमूल्य उपलब्धियों के बारे में सारांश में समझाया।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480